प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.05.2026
समय : 01:00 पी.एम.

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी–एनटीए नीट यूजी–2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित करेगी। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने उम्मीदवारों और अभिभावकों से केवल एनटीए के आधिकारिक चैनलों पर ही भरोसा करने का अनुरोध किया है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में नीट यूजी परीक्षा को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे। जून में होने वाली अगली परीक्षा की फीस नहीं ली जायेगी। श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान में ओएमआर मोड में होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अलगे साल से कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनटीए में ठोस सुधारों की जरूरत है। भविष्य में किसी भी तरह की गडबडी को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को और मजबूत करने संबंधी उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीबीआई नीट पेपर लीक मामले की तह तक जायेगी।

गौरतलब है कि नीट परीक्षा–2026, 3 मई को हुई थी। किन्तु पेपर लीक होने के कारण इसे निरस्त कर दिया गया।

दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढोतरी की है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 97 रुपये 77 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 90 रुपये 67 पैसे प्रति लीटर हो गई है। प्रदेश में भी पेट्रोल डीजल की कीमतों में इजाफा हो गया है। बढी हुई दरें आज से ही लागू हो गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से पेट्रोल डीजल का किफायत से इस्तेमाल करने की अपील की है। श्री शर्मा आज जयपुर में राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव में बाले रहे थे। ईंधन बचत अभियान के तहत मुख्यमंत्री कार्यालय से श्री शर्मा ईवी वाहन में कार्यक्रम में पंहुचे। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढावा देने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे है।

खैरथल तिजारा जिले को विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देने के लिए हो रहे कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव वीसी के जरिये जुड़े है। ईंधन बचत अभियान को लेकर जागरूकता संदेश देने के लिए इस कार्यक्रम में वर्चुअल भागीदारी कर रहे है।

देश के पूर्व उपराष्ट्रपति और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत की आज 16वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्हें नमन किया है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने लिखा कि श्री शेखावत ने भारतीय राजनीति में सुशासन, संवेदनशीलता और जनसेवा की अमिट छाप छोडी। गरीब, किसान और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए उनका जीवन प्रेरणास्रोत बना रहेगा। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर श्री शेखावत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भीलवाडा जिले के मांडल चौराहे पर आज एक तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके साथ ले जाये जा रहे चोरी के आरोपी की अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर वाहनों की लम्बी कतार लग गई और कुछ देर यातायात बाधित रहा। हादसे के शिकार पुलिसकर्मी चित्तौडगढ जीआरपी थाने में पदस्थापित थे।

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी और हीटवेव का असर है। वहीं कुछ जिलों में आंधी बारिश के दौर से लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिली है। कल दोपहर तक राज्य के ज्यादातर हिस्सों में प्रचंड गर्मी और लू का असर रहा। वहीं दोपहर बाद मौसम बदला और राजधानी जयपुर हनुमानगढ़, भरतपुर, चूरू सहित

कहीं–कहीं तेज आंधी के साथ हल्की बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज भी दस जिलों में आंधी बारिश का येलो अलर्ट बताया है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के कुछ जिलों में हीटवेव को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट प्रभावी रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।